तापमान

अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 29.0 डिग्री

# हरिभूमि रायगढ़-जशपुर भूमि

बिलासपुर, बुधवार 22 जुलाई 2026

4 प्रकृति संरक्षण का इको फ्रेंडली बीज राखियां देंगी संदेश, मिट्टी में मिलते ही बनेंगी पौधे





## खबर संक्षेप

### झारसुगुड़ा-गोंदिया मेमू बिलासपुर तक ही चलेगी

**रायगढ़।** रेलवे प्रशासन द्वारा रायपुर मंडल के भाटापारा-हथबंध स्टेशनों के बीच तीसरी लाइन सेक्शन में ऑटो सिग्नलिंग के लिए नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य किए जाने के कारण 23 जुलाई को 68862/68861 झारसुगुड़ा-गोंदिया-झारसुगुड़ा मेमू पैसेंजर का परिचालन आंशिक रूप से प्रभावित रहेगा। जानकारी के अनुसार, 23 जुलाई को झारसुगुड़ा से गोंदिया और गोंदिया से झारसुगुड़ा चलने वाली यह मेमू पैसेंजर बिलासपुर स्टेशन पर ही समाप्त और वहीं से प्रारंभ होगी। इसके चलते बिलासपुर-गोंदिया-बिलासपुर के बीच इस ट्रेन का संचालन पूरी तरह रद्द रहेगा। यह बदलाव भाटापारा-हथबंध सेक्शन में तीसरी लाइन पर ऑटो सिग्नलिंग कमीशनिंग के लिए किए जा रहे अधोसंरचना विकास कार्य के कारण किया गया है। यात्रियों से यात्रा से पहले ट्रेन की स्थिति की जानकारी लेकर ही सफर करने की अपील की गई है। इस बदलाव का असर बिलासपुर से रायपुर और गोंदिया की ओर यात्रा करने वाले यात्रियों पर पड़ेगा, जिन्हें वैकल्पिक ट्रेनों या अन्य परिवहन साधनों का सहारा लेना पड़ सकता है।

### प्रधान पाठक के सूने मकान का ताला तोड़कर चोरी

**रायगढ़।** जिले के छाल थाना क्षेत्र में चोरों ने एक शिक्षक के सूने मकान को निशाना बनाते हुए करीब 1.17 लाख रुपये के सोने-चांदी के जेवरात पर हाथ साफ कर दिया। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार, ग्राम बोजिया निवासी बाबू लाल धीरहे (41), जो प्राथमिक शाला पुसल्दा में प्रधान पाठक के पद पर पदस्थ हैं, 18 जुलाई की दोपहर करीब 2 बजे अपने पूरे परिवार के साथ शक्ति क्षेत्र के टेमर स्थित रिश्तेदार के घर गए थे। परिवार दो दिन तक बाहर रहा। 20 जुलाई की सुबह करीब 7 बजे जब परिवार वापस घर पहुंचा तो मुख्य दरवाजे का ताला टूटा मिला। घर के अंदर जाकर देखा तो अलमारी खुली हुई थी और उसमें रखे सोने-चांदी के जेवर गायब थे। चोरी गए सामान में सोने का हार, कान की बाली, लॉकेट, नथ, फुली, खिनवा तथा तीन जोड़ी चांदी की पायल शामिल हैं। चोरी गए जेवरों की कुल कीमत करीब 1 लाख 17 हजार रुपये बताई गई है। पीड़ित की शिकायत पर छाल थाना पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 331(4) और 305(ए) के तहत अपराध दर्ज कर लिया है। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ करने के साथ ही चोरों की तलाश में जुट गई है।

### पंप चोरी के मामले में दो गिरफ्तार, माल बरामद

**रायगढ़।** चक्रधरनगर पुलिस ने पोल्ट्री फार्म से बोर पंप चोरी के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी गया मोटर पंप और केबल तार भी बरामद कर लिया है। दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश करने के बाद न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया। जानकारी के अनुसारए दुर्गा विहार कॉलोनी निवासी फिरोज आलम ने 19 जुलाई को थाना चक्रधरनगर में शिकायत दर्ज कराई थी कि ग्राम सम्बलपुरी स्थित पोल्ट्री फार्म से बोर पंप का मोटर और केबल तार चोरी हो गया है। उन्होंने बताया कि 15 जुलाई की शाम फार्म बंद कर घर लौटे थे और अगले दिन सुबह पहुंचे तो बोर का पाइप टूटा मिला तथा मोटर और केबल तार गायब थे। शिकायत पर पुलिस ने धारा 303,2 के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की। घटनास्थल की जांचए गवाहों से पूछताछ और तकनीकी साक्ष्य जुटाने के दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम सम्बलपुरी के दो युवक चोरी का मोटर पंप बेचने के लिए ग्राहक तलाश रहे हैं। सूचना के आधार पर पुलिस ने गोरांगो खड़िया और सुरेन्द्र निषाद को हिरासत में लेकर पूछताछ की।

## मूसलाधार बारिश के बीच ड्रेनेज सिस्टम ने दिया जवाब, व्यवस्थाओं की खुली पोल

# झमाझम बारिश से जनजीवन प्रभावित, निचले इलाकों के घरों में भरा पानी, सड़कें भी लबालब





हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

सोमवार की देर रात से शुरू हुई बारिश मंगलवार को दिन भर रुक-रुककर बारिश होती रही। बीते करीब 36 घंटों से जारी इस तेज बारिश ने लोगों की मुश्किलें बढ़ा दीं। लगातार हुई बारिश के कारण शहर के कई निचले इलाकों में जलभराव की स्थिति बन गई। कई घरों में घुटनों तक पानी भर गया, जबकि सड़कों पर पानी जमा होने से लोगों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। वहीं संजय कॉम्प्लेक्स के एक हिस्से में जलभराव की वजह से सब्जी व्यापारियों का व्यवसाय भी प्रभावित हुआ। बारिश की वजह से केलो नदी भी उफान पर है। खर्राघाट पुलिया में पानी भर गया था। इसके बाद भी लोग जान जोखिम में डालकर पार कर रहे थे। इससे दुर्घटना की संभावना बनी रहती है।

सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्रों में पैठू डबरी, चंद्रनगर की नामदेव गली, मोहदापारा मोहल्ला और वार्ड क्रमांक-18 शामिल है। इन इलाकों में नालियों का पानी सड़कों पर आ गया और कई मकानों में भी बारिश का पानी घुस गया।

स्थानीय लोगों को घरों से पानी निकालने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। सड़कें पानी में डूबने से दोपहिया और चारपहिया वाहनों की आवाजाही भी प्रभावित रही। पैठू डबरी वाले क्षेत्र में घुटनों तक पानी भरने की वजह से लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। सोमवार देर रात शुरू हुई बारिश मंगलवार को भी पूरे दिन भर रुक-रुक कर जारी रही। पूरे दिन आसमान में बादल छाए रहने से मौसम सुहावना बना रहा और लोगों को उमस व गर्मी से राहत मिली। हालांकि, लगातार बारिश ने निचले इलाकों में रहने वाले लोगों की चिंता बढ़ा दी है। मौसम विभाग के अनुसार रायगढ़ सहित प्रदेश के अधिकांश जिलों में अगले कुछ दिनों तक हल्की से मध्यम बारिश का दौर जारी रहने की संभावना है।

कुछ स्थानों पर भारी बारिश के साथ तेज गर्जना और बिजली गिरने की भी आशंका जताई गई है। विभाग ने निचले इलाकों में जलभराव की संभावना को देखते हुए लोगों से सतर्क रहने की अपील की है। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि अगले 24 घंटे तक वर्तमान मौसम प्रणाली का असर बना रह सकता है। इसके बाद भारी बारिश की गतिविधियों में कुछ कमी आ सकती है, लेकिन हल्की और मध्यम बारिश का सिलसिला जारी रहेगा। वहीं, बंगाल की खाड़ी में नया मौसम तंत्र बनने की संभावना भी जताई गई है। यदि यह सक्रिय होकर उत्तर-पश्चिम दिशा की ओर बढ़ता है, तो रायगढ़ सहित अन्य जिलो में एक बार फिर व्यापक और अच्छी बारिश हो सकती है। पिछले 24 घंटों में जिले सहित प्रदेश के कई हिस्सों में अच्छी वर्षा दर्ज की गई है। मौसम विभाग ने किसानों और आम नागरिकों को मौसम पूर्वानुमान पर नजर बनाए रखने तथा खराब मौसम के दौरान अनावश्यक रूप से खुले स्थानों में नहीं जाने की सलाह दी है।

### सालों से ऐसी दिक्कतें

बारिश में पानी भरने की समस्या आज का नहीं, बल्कि सालों से है। इसका समाधान न तो निगम निकाल पा रहा है और न ही जिला प्रशासन। इसके कारण हर साल बारिश के समय शहर के दर्जन भर से अधिक मोहल्लों में बारिश का पानी भर जाता है। घरों में घुसने से भारी नुकसान उठाना पड़ता है। यह हालात हर साल दो से तीन बार इन मोहल्लों में बनता है।

### मोहल्लों में भरा पानी

लगातार हो रही बारिश की वजह से सुभाष चौक से गांधी पुतला मार्ग, रेलवे स्टेशन से बंगलापारा मार्ग, गोपी टॉकिज मार्ग, राम निवास टॉकिज मार्ग, गुजराती पारा आदि में पूरी तरह से जलभराव की स्थिति देखने को मिली। आलम यह था कि यहां पानी की निकासी की पर्याप्त व्यवस्था नहीं होने की वजह से करीब करीब घुटनो तक पानी भरा हुआ नजर आया। मुख्य रूप से नालियों की साफ सफाई नहीं होने की वजह से नालियों का गंदा पानी सड़कों पर आ गया।





### चोर और चोरी का सामान खरीदने वाला कबाड़ी गिरफ्तार

**रायगढ़।** पुसौर थाना क्षेत्र में घर में हुई चोरी की वारदात का पुलिस ने खुलासा करते हुए चोरी करने वाले युवक और चोरी का सामान खरीदने वाले कबाड़ी को गिरफ्तार कर लिया है। दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश करने के बाद न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम जामपाली निवासी देव कुमार नायक ने बीते 9 जून को रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया था कि 8 जून की रात अज्ञात चोर दीवार फांदकर उसके घर में घुस गया और किचन से बजाज कंपनी का इंडक्शन चूल्हा, अर्पणा कंपनी का रेडियो, वीवो मोबाइल फोन तथा दीवान में रखी नकदी चोरी कर ले गया। चोरी गए सामान की कुल कीमत करीब 30 हजार रुपये से अधिक बताई गई थी। शिकायत पर पुसौर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। जांच के दौरान मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने संदेही डिलेश्वर सोनी को हिरासत में लेकर पूछताछ की। आरोपी ने चोरी की वारदात स्वीकार करते हुए बताया कि उसने मोबाइल और रेडियो झाड़ियों में फेंक दिया था, जबकि चोरी का इंडक्शन चूल्हा बलदेव साव नामक कबाड़ी को एक हजार रुपये में बेच दिया था। आरोपी के कब्जे से चोरी की राशि में से 3 हजार 950 रुपये नकद बरामद किए गए।पुलिस ने उसके कब्जे से इंडक्शन चूल्हे के टूटे हुए हिस्से बरामद किए। चोरी की संपत्ति खरीदने के आरोप में उसके खिलाफ भी भारतीय न्याय संहिता की धारा 317(2) के तहत कार्रवाई की गई।

## पेड़ों की कटाई के विरोध में ग्रामीणों का प्रदर्शन, जंगल बचाने की उठाई मांग



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

तमनार विकासखंड के ग्राम नगरामुड़ा खदान क्षेत्र में हो रही पेड़ों की कटाई के विरोध में ग्रामीणों का आक्रोश बढ़ता जा रहा है। बड़ी संख्या में ग्रामीण बारिश के बीच जंगल पहुंचे और पेड़ों की कटाई रोकने की मांग करते हुए विरोध प्रदर्शन किया। ग्रामीणों का कहना है कि वर्षों से संरक्षित इस जंगल के खत्म होने से पर्यावरण, वन्यजीव और स्थानीय लोगों की आजीविका पर गंभीर असर पड़ेगा। ग्रामीणों के अनुसार बड़े पैमाने पर पेड़ों की कटाई का कार्य चल रहा है। उनका आरोप है कि कटाई की गति लगातार बढ़ रही है, जिससे पूरे क्षेत्र का प्राकृतिक संतुलन प्रभावित होने की आशंका है। प्रदर्शन के दौरान ग्रामीणों ने जंगल बचाने की मांग करते हुए कटाई पर तत्काल रोक लगाने और पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की। ग्रामीणों का कहना है कि यह जंगल केवल पेड़ों का समूह नहीं, बल्कि आसपास के गांवों के लिए जल स्त्रोत जैव विविधता और आजीविका का महत्वपूर्ण आधार है। सावन के मौसम में जब प्रकृति हरियाली से भर जाती है, उसी समय बड़े पैमाने पर पेड़ों की कटाई से लोगों में गहरी नाराजगी है। इस संबंध में वन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि प्रस्तावित खदान क्षेत्र के लिए निर्धारित प्रक्रिया के तहत 15,537 पेड़ों की कटाई की अनुमति दी गई है। हालांकि प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों का आरोप है कि मौके पर अनुमति से अधिक पेड़ काटे जा रहे हैं। उन्होंने पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच कर वास्तविक स्थिति सार्वजनिक करने की मांग की है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि पेड़ों की कटाई नहीं रोकी गई तो वे आगे भी लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन जारी रखेंगे।

## पुलिस ने छेड़छाड़ करने वाले आरोपी को किया गिरफ्तार

**रायगढ़।** लैलूंगा पुलिस ने नाबालिग बालिका से छेड़छाड़ एवं धमकी देने आरोपी चुकू शिकारी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। इस घटना के संबंध में पीड़िता अपने परिजनों के साथ 19 जुलाई को लैलूंगा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। पीड़िता ने बताया कि 17 जुलाई को वह ग्राम बगुडेगा में आयोजित रथ मेले में गई थी। इसी दौरान परिचित युवक चुकू शिकारी, जिसका ससुराल ग्राम बगुडेगा में हैए उसे लगातार घूरता रहा। कुछ समय बाद जब वह मेले से कुछ दूरी पर लघुशंका के लिए गई, तब आरोपी पीछे से पहुंचा और जबरन उसे पकड़ लिया। आरोपी ने उसके साथ अभद्र हरकत करते हुए उसकी अस्मिता को ठेस पहुंचाने का प्रयास किया। पीड़िता ने किसी तरह अपना बचाव किया जिस पर आरोपी ने उसे घटना की जानकारी किसी को देने पर जान से मारने की धमकी दी। भय और सामाजिक संकोच के कारण पीड़िता तत्काल शिकायत दर्ज नहीं करा सकी। बाद में उसने पूरी घटना अपने माता.पिता को बताई, जिसके बाद थाना लैलूंगा में रिपोर्ट दर्ज कराई गई। पुलिस ने आरोपी चुकू शिकारी 19 वर्ष निवासी हाल मुकाम ग्राम बगुडेगा के विरुद्ध धारा 76, 77 एवं 8 पॉक्सो एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया। विधिक प्रक्रिया पूर्ण कर आरोपी चुकू शिकारी को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया।



## शहर में 48 घंटे के भीतर मारपीट की तीन घटनाएं, शराब, पुरानी रंजिश और घरेलू विवाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र में 24 घंटे के भीतर मारपीट की तीन अलग-अलग घटनाएं सामने आई हैं। तीनों मामलों में गाली-गलौज, जान से मारने की धमकी और मारपीट के आरोप लगाए गए हैं। एक मामले में युवक पर कैंची से हमला किया गया, दूसरे में ईंट से वार कर घायल किया गया, जबकि तीसरे मामले में घरेलू विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। पुलिस ने तीनों मामलों में अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

पहली घटना रेलवे बंगला पारा की है। पीड़ित अमन यादव ने पुलिस को बताया कि 19 जुलाई की रात करीब 10:50 बजे उसके घर के पास भोला यादव, शैलेश साहू और अन्य लोग शराब पीकर आपस में झगड़ा कर रहे थे। जब उसने उन्हें शोर-शराबा और विवाद करने से मना किया तो सभी उसके साथ गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने हाथ-मुक्कों से मारपीट शुरू कर दी। आरोप है कि इसी दौरान शैलेश साहू ने कैंची से उसके सिर के पीछे वार कर दिया, जिससे उसके सिर से खून निकलने लगा। घटना में उसके सिर के बाएं हिस्से में चोट आई। आसपास मौजूद कुमार यादव, अभय यादव, बोधराम यादव सहित अन्य लोगों ने बीच-बचाव कर मामला शांत कराया।





दूसरी घटना इंदिरानगर की है। मजदूरी करने वाले कुलदीप माली ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 20 जुलाई की रात करीब 10:30 बजे वह केवड़ाबाड़ी बस स्टैंड स्थित मटन मार्केट से काम खत्म कर अपने दोस्त बाली राठिया के साथ घर लौट रहा था। घर के पास पहले से मौजूद मोनू खान, सागर और उनके साथियों ने बातचीत करने को लेकर विवाद शुरू कर दिया। आरोप है कि गाली-गलौज के बाद सभी ने उसके साथ हाथ-मुक्कों से मारपीट की। इसी दौरान मोनू खान ने पास में रखी ईंट उठाकर उसकी पीठ पर हमला कर दिया। मारपीट में कुलदीप की पीठ और जांघ में चोट आई। बाली राठिया, छोटू बरेठ और तुरन कौशिक ने बीच-बचाव किया।

तीसरा मामला हांडी चौक का है। सलीम अली ने पुलिस को बताया कि 18 जुलाई की रात करीब 11:30 बजे वह घर पर आराम कर रहा था। इसी दौरान उसके भाई आसिम अली और इब्राहीम अली पुराने घरेलू विवाद को लेकर गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर दोनों ने जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ-मुक्कों से मारपीट कर दी। घटना में सलीम के शरीर पर चोटें और खरोंच आई हैं। उसकी मां रचिदा बेगम और भाभी सहिदा बेगम ने बीच-बचाव कर विवाद शांत कराया। तीनों मामलों में पीड़ितों की शिकायत पर कोतवाली थाना पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं के तहत अपराध दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि सभी मामलों की जांच की जा रही है और जांच के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

## पड़ोसी जिले में बीआरसी को किया रिलीव, रायगढ़ में अधिकारियों की मनमानी

# 1076 में बीआरसी की शिकायत, डीईओ ने किया रिलीव

### पांच पर मेहरबानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़





शिक्षा विभाग के कारनामे आए दिन सुर्खियों में रहता है। यहां कायदे–कानून को अधिकारी जेब में रखकर चलते हैं। इसका ताजा उदाहरण देखने को मिला जब पूरे जिले में अटैचमेंट कर्मचारियों का तो लौटा दिया गया, लेकिन पांच बीआरसी को रिलीव ही नहीं किया गया। खास बात यह है कि खरसिया बीआरसी का सीएम हेल्प लाइन में अटैचमेंट की शिकायत हुई थी, इसके कारण उसे डीईओ ने रिलीव कर दिया, लेकिन अन्य ब्लॉक के बीआरसी को हटाया ही नहीं गया। जानकारी तो मिली है कि डीईओ ने ही उनको रोक कर रखा है। इसमें स्थानीय स्तर पर किए गए अटैचमेंट में धरमजयगढ़ बीआरसी मनोज कुमार साहू, लैलूंगा बीआरसी अरविंद राजपूत, घरघोड़ा बीआरसी मनोज कुमार प्रधान, तमनार बीआरसी जयप्रकाश साहू, पुसौर बीआरसी शैलेंद्र कुमार मिश्रा और एसएसए में अटैच भूपेंद्र पटेल शामिल हैं। जब कि पड़ोसी जिले सारंगढ़ में अन्य कर्मचारियों के साथ अटैच किए गए सभी बीआरसी को भी रिलीव कर दिया गया है। याने दो जिले में दो अलग- अलग सरकारी नियम कायदे देखने को मिल रहा है।

शिक्षा मंत्री ने बैठक लेकर जहां जो भी कर्मचारी स्थानीय स्तर पर अटैच है उनको तत्काल अपने मूल शाला में लौटाने का फरमान सुना दिया था। इस आदेश के पालन में शिक्षा विभाग ने बीते सप्ताह करीब 50 शिक्षकों समेत अन्य कर्मचारियों के लिए आदेश जार कर उनको मूल संस्था में लौटा दिया था, लेकिन बीआरसी को अभी तक हटाया ही नहीं गया है। इसमें केवल खरसिया बीआरसी को ही इस आदेश के पालन में हटाया गया है क्योंकि उसकी शिकायत सीएम हेल्प लाइन में की गई थी। याने देखा जाए तो शिक्षा विभाग के अधिकारी भी दोहरे मापदंड के साथ काम करते हैं।

### तो करना पड़ेगा 1076 में शिकायत

यदि शिक्षा विभाग का मापदंड शिकायत ही है तो सीएम हेल्प लाइन नंबर 1076 में शिकायत करना होगा। तब जाकर बाकी बीआसी को रिलीव किया जाएगा। जानकारी मिली है कि डीईओ ने ही उनको रोक कर रखा है। जबकि अन्य कर्मचारियों को तो हटा दिया गया है। खास बात यह है कि कुछ गुरुजी तो मंत्रियों के साथ भी अटैच हैं, लेकिन उनको हटाने की ताकत डीईओ में नहीं है। दूसरी ओर जिला पंचायत अध्यक्षों के निज सचिव में अटैच शिक्षकों को हटा दिया गया है। याने यहां भी दोहरे मापदंड के लोग शिकार हो रहे हैं।

## पूरे अगस्त तक चलेगी साउथ बिहार एक्सप्रेस, आंशिक रद्द का फैसला वापस

**रायगढ़।** श्रावणी मेले के दौरान बाबा बैद्यनाथ धाम जाने वाले छत्तीसगढ़ के श्रद्धालुओं के लिए राहत भरी खबर है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की पहल पर पहले आंशिक रूप से रद्द की गई 13288/13287 आरा-दुर्ग-आरा साउथ बिहार एक्सप्रेस को पूरे अगस्त सावन माह के लिए पूर्ण मार्ग पर बहाल रिस्टोर कर दिया गया है। इससे दुर्ग से आरा तक यात्रा करने वाले हजारों शिवभक्तों और अन्य यात्रियों को पहले की तरह सीधी रेल सुविधा मिल सकेगी।

रेलवे के अनुसार दक्षिण पूर्व रेलवे के चक्रधरपुर मंडल के कंसबहाल-धारुआडीही सेक्शन में ट्रैक अनुरक्षण और आधारभूत संरचना से जुड़े कार्यों के लिए मेगा ब्लॉक लिया जा रहा है। इसी कारण साउथ बिहार एक्सप्रेस को दुर्ग-राउरकेला-दुर्ग के बीच कुछ तिथियों में आंशिक रूप से रद्द करने का निर्णय लिया गया था। हालांकिए श्रावणी मेले के दौरान छत्तीसगढ़ से बड़ी संख्या में बाबा बैद्यनाथ धाम जाने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा को देखते हुए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने विशेष पहल करते हुए इस निर्णय में बदलाव किया है। अब ट्रेन पूरे अगस्त माह में अपने प्रारंभिक और अंतिम स्टेशन आरा-दुर्ग-आरा के बीच नियमित रूप से चलेगी। रेलवे के अनुसार 13288 आरा-दुर्ग साउथ बिहार एक्सप्रेस 6, 13, 20 और 27 अगस्त 2026 को चांडिल-कांद्रा-सीनी के परिवर्तित मार्ग से संचालित होगी, जबकि 13287 दुर्ग-आरा साउथ बिहार एक्सप्रेस 7, 14, 21 और 28 अगस्त 2026 को अपने नियमित मार्ग से संचालित होगी।



# पांच महीने बाद चुपके से अरिजीत ने किया कमबैक

**मुंबई।** बॉलीवुड की कुछ चुनिंदा आवाजे ऐसी हैं जिन्हें सुनने के लिए फैन्स हमेशा बेसब्री से इंतजार करते हैं। लेकिन, जैसे ही उन्होंने इंडस्ट्री को अलविदा कहा, फ़ैन्स की उम्मीदें डूबने लगीं। अब एक प्लेबैक सिंगर ने चुपके से अपना रिटायरमेंट प्लान कैंसिल कर दिया है और करीब 5 महीने बाद बॉलीवुड में वापसी की है। सिंगर अरिजीत का यह कमबैक फैंन्स को सरप्राइज करने के साथ-साथ खुश भी करने वाला है। अरिजीत सिंह ने 27 जनवरी को अपने रिटायरमेंट की घोषणा की थी। खबरों के मुताबिक, यह मशहूर सिंगर इमरान हाशमी की आने वाली फिल्म 'आवारापन 2' के लिए प्लेबैक सिंगिंग में लौट आए हैं।

लाइफ Style

# ऐश्वर्या
## पहली बार पूर्वोत्तर की सुंदरी को खिताब

एजेंसी ▶▶ मुंबई

जयपुर में आयोजित मिस टीन दिवा 2026 के फिनाले में मेघालय की ऐश्वर्या मलंग को 'मिस टीन अर्थ इंडिया 2026' का ताज पहनाया गया है। यह पहली बार है कि पूर्वोत्तर की सुंदरी को खिताब दिया गया है। 'मिस टीन अर्थ इंडिया 2026' का ताज मेघालय की ऐश्वर्या मलंग के सिर सजा है।

ऐश्वर्या मलंग यह प्रतिष्ठित खिताब जीतने वाली नॉर्थ ईस्ट से पहली प्रतिभागी हैं। बता दें कि मिस टीन दिवा 2026 का ग्रैंड फिनाले जयपुर में आयोजित हुआ था। इस जीत के साथ ऐश्वर्या 'मिस टीन अर्थ' के इंटरनेशनल स्टेज पर भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी। ऐश्वर्या के अलावा स्निग्धा भुयान मिस टीन ग्रैंड इंडिया 2026 और प्रासुसी मिस टीन यूनिवर्स इंडिया 2026 बनी हैं। मिस टीन अर्थ इंडिया 2026 विनर ऐश्वर्या मलंग का कहना है, 'मुझे बहुत अच्छा लग रहा है, क्योंकि मैं हमेशा से मेघालय को रिप्रेजेंट करना चाहती थी'। उन्होंने आगे कहा, 'मैं बहुत अच्छा महसूस कर रही हूं। मैं लोगों से बस यही कहूंगी, अगर आप कुछ करना चाहते हैं तो इसके लिए आगे बढें। कोई आपको नहीं रोक सकता। जो अच्छा लगे, वह करो'। समाचार एजेंसी एएनआई के मुताबिक, 'मिस टीन अर्थ इंडिया 2026' की विजेता ऐश्वर्या मलंग ने कहा है, 'मुझे बहुत अच्छा लग रहा है, क्योंकि मैं हमेशा से नेशनल लेवल पर मेघालय को रिप्रेजेंट करना चाहती थी और अब जब मैं जीत गई हूं, तो मुझे बहुत खुशी हो रही है। मुझे कई उतार-चढ़ाव का सामना करना पड़ा, क्योंकि मुझे दो बार नीट की परीक्षा देनी थी।




## हॉलीवुड मसाला



# टॉम की डिगर का नया वीडियो जारी

**लॉस एंजिल्स।** टॉम क्रूज की अपकमिंग फिल्म 'डिगर' के मेकर्स ने एक नया प्रमोशनल वीडियो जारी किया है। इसमें एक्टर अपने किरदार डिगर रॉकवेल के रूप में नजर आ रहे हैं। यह वीडियो न्यूयॉर्क-न्यू जर्सी स्टेडियम में फीफा वर्ल्ड कप 2026 के क्लोजिंग सेरेमनी में क्रूज के शामिल होने से पहले आया है। शेयर किए गए इस वीडियो में क्रूज डिगर रॉकवेल के रूप में दिखते हैं और फुटबॉल के कुछ सबसे बड़े नामों जैसे पेले, डिएगो माराडोना, क्रिस्टियानो रोनाल्डो और लियोनेल मेसी का जिक्र करते हुए एक पैगाम देते हैं।




# स्पाइडर-मैनः ब्रांड न्यू डे 30 को होगी रिलीज

**नई दिल्ली।** दुनिया भर के स्पाइडर-मैन फैंस के लिए खुशखबरी है। टॉम हॉलैंड की अगली फिल्म 'स्पाइडर-मैनः ब्रांड न्यू डे' 30 जुलाई को थिएटर्स में रिलीज होने जा रही है। डायरेक्टर डेस्टिन डेनियल क्रेटन की ये फिल्म पीटर पार्कर की जिंदगी में एक ब्रांड न्यू चैप्टर ला रही है। दुनिया पीटर को भूल चुकी है, लेकिन वह अकेले न्यूयॉर्क की सड़कों पर स्पाइडर-मैन बनकर अपराध से लड़ रहा है। नया दुश्मन भी सामने आ चुका है। स्पाइडर-मैन मारवल का वो सुपरहीरो है जिसकी दीवानगी दुनिया भर में है। फिल्म में टॉम हॉलैंड पीटर पार्कर/स्पाइडर-मैन की भूमिका में वापसी कर रहे हैं। जेंडाया एमजे के रूप में नजर आएंगी। जैकब बटालोन नेड लीड्स बनेंगे. सैडी सिंक (स्ट्रेंजर थिंग्स) की भूमिका को लेकर काफी चर्चा है।



# मां अनुराधा की विरासत संभाल रहीं कविता

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड की सुरम्य आवाजों और मशहूर भजन गायिका अनुराधा पौडवाल की विरासत को आगे बढ़ा रहीं उनकी बेटी कविता पौडवाल इन दिनों अपनी एक नई पहल से काफी चर्चा में हैं। अपनी मां के दिखाए रास्ते पर चलते हुए कविता भक्ति संगीत की दुनिया में एक बड़ा नाम बन चुकी हैं। हाल ही में एक इंटरव्यू में कविता ने अपने निजी जीवन के दुखद दौर, मां से मिली सीख, और युवाओं के लिए उनके खास प्रोजेक्ट्स पर खुलकर बात की। कविता पौडवाल इन दिनों भारत समेत कई देशों में कीर्तन क्लबिंग के जरिए युवाओं को भारतीय संस्कृति और अध्यात्म से जोड़ रही हैं। इस कॉन्सर्ट फॉर्मेट को दुनिया भर में शानदार रिस्पांस मिल रहा है। कविता ने बताया कि आज की युवा पीढ़ी अपनी जड़ों से जुड़ना चाहती है।



# प्रकाश की जनादेश को लेकर उत्साहित

**मुंबई।** तुषार कपूर अपनी आने वाली नई फिल्म 'जनादेश' को लेकर काफी उत्साहित हैं। इस फिल्म की खास बात यह है कि तुषार पहली बार मशहूर निर्देशक प्रकाश झा के साथ काम कर रहे हैं। तुषार के करियर की यह पहली पॉलिटिकल ड्रामा फिल्म है। हाल ही में फिल्म इंडस्ट्री में अपने 25 साल पूरे होने पर तुषार कपूर ने अपनी नई फिल्म 'जनादेश' के बारे में खुलकर बात की। तुषार ने कहा, 'फिल्म 'जनादेश' देश के राजनीतिक माहौल पर बनी एक गंभीर और गहरा असर छोड़ने वाली कहानी है।' तुषार ने आगे कहा, 'हालांकि, यह फिल्म आज के समाज का आईना है। प्रकाश झा जैसे बेहतरीन डायरेक्टर के साथ काम करना और ऐसा दिलचस्प किरदार निभाना मेरे लिए बिल्कुल नया और अनोखा अनुभव है।' फिल्म 'जनादेश' के निर्देशक प्रकाश झा हैं।

## टीवी मसाला



# सलमान से लेकर गांगुली तक ये सितारे होंगे बिग बॉस के होस्ट

**नई दिल्ली।** कई वर्षों से शो 'बिग बॉस' हिंदी दर्शकों का पसंदीदा रहा है। इसे अक्सर बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान ने होस्ट करते रहे हैं। अब इसके नए सीजन की घोषणा हुई है। सलमान खान 'बिग बॉस 20' के होस्ट के तौर पर वापसी करने के लिए तैयार हैं। यह रियलिटी शो भारत भर में अपने छठे सीजन के लिए तैयार हो रहा है। सलमान के साथ होस्ट की लिस्ट में विजय सेतुपति (तमिल), नागार्जुन (तेलुगु), किच्चा सुदीपा (कन्नड़) और मोहनलाल (मलयालम) शामिल हैं। भारत के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली बांग्ला सीजन के होस्ट के तौर पर डेब्यू करेंगे। पहली बार 'बिग बॉस' के हिंदी, तमिल, तेलुगु, कन्नड़, मलयालम और बांग्ला सीजन एक साथ सितंबर में शुरू होंगे। इस खास मौके पर जियो स्टार ने 'इंडियाज बिग रियलिटी' नाम की एक कॉफी-टेबल बुक लॉन्च की है। यह किताब पिछले दो दशकों में इस रियलिटी शो के सफर और इसके कल्चरल असर को दिखाती है। 2025 में यह शो 500 मिलियन से ज्यादा दर्शकों तक पहुंचा। इसने 438 बिलियन से ज्यादा व्यूइंग मिनट्स हासिल किए। अपने छह भाषाओं के सीजन में दर्शकों की भागीदारी में साल-दर-साल 47 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की। इस कामयाबी पर बयान देते हुए टीवी एंटरटेनमेंट सेल्स के हेड महेश शेट्टी ने कहा 'पिछले दो दशकों में, बिग बॉस ने लगातार खुद को नए सिरे से पेश किया है। यह फेस्टिव सीजन हमारे लिए अब तक का सबसे बड़ा मील का पत्थर है। यह शो का अब तक का सबसे बड़ा सेलिब्रेशन बन गया है।' 'बिग बॉस' के छह सीजन सितंबर 2026 से जियो स्टार टेलीविजन नेटवर्क पर शुरू होंगे।

## लॉकअप 2 में किसिंग पर हुई कंट्रोवर्सी!

**नई दिल्ली।** शो 'लॉकअप' का दूसरा सीजन चल रहा है। इसमें खूब ड्रामा और लड़ाई-झगड़े देखने को मिल रहे हैं। हालिया एपिसोड में श्रेया कालरा का गुस्सा राम कपूर पर फूटा है। अभिनेता के बार-बार किस करने पर वे बुरी तरह झल्ला गई हैं। दरअसल, 'लॉकअप 2' में राम कपूर ने श्रेया कालरा को किस किया था। इससे श्रेया काफी असहज हो गई थीं। हालांकि, उस वक्त उन्होंने कुछ कहा नहीं था। मगर, अब हाल ही में उन्होंने सवाल उठाया है। 'लॉकअप 2' में बीते हफ्ते देखने को मिला था कि राम कपूर और श्रेया कालरा ने साथ में गेम खेला। इस दौरान श्रेया बतौर कंट्रोलर खेलीं। वहीं, राम कपूर उनके डिपेंडेंट बने। इस दौरान राम को एविक्शन से बचाने के लिए टास्क में श्रेया जीतीं। टास्क जीतने के बाद राम कपूर इतने उत्साहित हो गए कि उन्होंने श्रेया को किस किया। एक्टर ने श्रेया को माथे पर और गाल पर कई बार किस की, जिससे श्रेया काफी असहज हो गई थीं।



# पायलें चुनमुन... गाने वाली इस सिंगर के नाम हैं छह नेशनल अवॉर्ड, बेटी की मौत ने दिया था सदमा

*नई दिल्ली। हिंदी सिनेमा के म्यूजिक को आगे ले जाने में महिला सिंगर्स की अहम भूमिका रही है। जब भी टॉप सिंगर्स का जिक्र होता है तो लता मंगेशकर, आशा भोसले, गीता दत्त, सुमन कल्याणपुरी, अल्का याग्निक, अनुराधा पौडवाल का नाम सबसे ऊपर आता है। लेकिन एक ऐसी भी सिंगर हुई हैं जिन्होंने हिंदी फिल्मों के लिए गाना गाने से पहले ही अपने नाम 3 नेशनल अवॉर्ड किए हुए थे। बाद में इन नेशनल अवॉर्ड की संख्या 3 से बढ़कर 6 हो गई। इस महिला सिंगर का नाम है केएस चित्रा।*



### डेब्यू से पहले नेशनल अवॉर्ड जीत चुकी थीं

केएस चित्रा सालों से गायिकी कर रही हैं। हिंदी फिल्मों में अपने सिंगिंग डेब्यू से पहले साउथ फिल्मों में गाना गाने के लिए उन्होंने 3 नेशनल अवॉर्ड अपने नाम कर लिए थे। 1985 में उन्हें हिंदी फिल्मों में मौका मिला, लेकिन बड़ी पहचान नहीं। लेकिन फिर फिल्म लव में गाए उनके एक गाने ने हिंदी ऑडियंस को भी उनका फैन बना दिया।

***अनिल और तब्बू ने निभाया लीड रोल :*** विरासत में अनिल कपूर और तब्बू ने लीड रोल निभाया था। गाना 'पायलें चुनमुन चुनमुन' तब्बू पर फिल्माया गया जो जबरदस्त हिट हुआ। फिल्म में गाना बिना किसी म्यूजिक के शुरू होता है और ऐसा लगता है जैसे सिंगर चित्रा की आवाज गानों में घुल गई है। चित्रा की ही आवाज में फिल्म क्रिमिनल का गाना 'तुम मिले दिल खिले' भी खूब हिट हुआ था।

### इन गानों ने हिंदी फिल्मों में दिलाई पहचान

1991 में सलमान खान और रेवती की फिल्म लव आई थी। इस फिल्म में एक गाना था 'साथिया तूने क्या किया'। ये गाना सलमान के लिए एसपी बालासुब्रमण्यम ने गाया था और रेवती की आवाज बनीं थीं चित्रा। इसके बाद फिल्म रोजा में सिंगर ने एआर रहमान के बने संगीत में गाना गया 'ये हसीं वादियां' गाया। इसके बाद फिल्म बॉम्बे का गाना 'कहना ही क्या' और 1997 में आई फिल्म विरासत के गाने 'पायलें चुनमुन चुनमुन' के लिए चित्रा ने अपने जीवन का चौथा और पांचवा नेशनल अवॉर्ड जीता।

**बेटी की हुई मौत :** सिंगर चित्रा की जिंदगी में सब कुछ ठीक चल रहा था। फिर कुछ ऐसा हुआ जब उनकी दुनिया ही बदल गई। चित्रा की इकलौती बेटी की एक हादसे में मौत हो गई। साल 2011 की बात है, जब चित्रा अपने परिवार के साथ दुबई के एक होटल में रुकी हुई थीं। उस समय सिंगर एआर रहमान के कॉन्सर्ट में परफॉर्म करने के लिए दुबई पहुंची थीं। इस दौरान होटल के स्विमिंग पुल में डूबने की वजह से उनकी 8 साल की बेटी नंदना का निधन हो गया था। इस सदमे ने सिंगर को अंदर तक तोड़ दिया था, लेकिन संगीत ने उन्हें हिम्मत दी और वो वापसी कर पाई।

# छत्रपति शिवाजी महाराज में दिखेगा हॉलीवुड लेवल का एक्शन

**नई दिल्ली।** फिल्म निर्माता संदीप सिंह अपनी आने वाली बड़ी ऐतिहासिक फिल्म 'द प्राइड ऑफ भारतः छत्रपति शिवाजी महाराज' को बड़े स्तर पर बनाने की तैयारी कर रहे हैं। फिल्म में अभिनेता ऋषभ शेट्टी छत्रपति शिवाजी महाराज की भूमिका निभाते नजर आएंगे. अब इस फिल्म को और खास बनाने के लिए निर्माताओं ने अंतरराष्ट्रीय स्तर की एक्शन टीम को शामिल किया है, जो फिल्म के युद्ध और एक्शन दृश्यों को शानदार बनाने पर काम करेगी. फिल्म के लिए मशहूर स्टंटमैन मार्क हेंसन को बुलाया गया है, जो गेम ऑफ थ्रोन्स, वाइकिंग्स, द विचर और ग्रेविटी जैसे चर्चित अंतरराष्ट्रीय प्रोजेक्ट्स में अपने काम के लिए जाने जाते हैं।

***हॉलीवुड स्टंटमैन :*** मार्क हेंसन फिल्म में बड़े स्तर के वॉर सीन्स को तैयार करने की जिम्मेदारी संभालेंगे। मार्क हेंसन के अलावा इस स्टंट टीम में व्लाद रिमबर्ग भी शामिल हैं, जिन्होंने द फेट ऑफ द फ्यूरियस, ब्लडशॉट और लूसिफर जैसे प्रोजेक्ट्स में काम किया है। वहीं, इस टीम को और मजबूत बनाते हुए क्रेग मैकरे भी जुड़े हैं, जिनका अंतरराष्ट्रीय अनुभव 'ट्रॉयः फॉल ऑफ अ सिटी' जैसे बड़े प्रोजेक्ट्स तक फैला हुआ है।



### 500 करोड़ का बजट

निर्माताओं की ओर से जारी बयान के अनुसार, फिल्म का मकसद मराठा योद्धा छत्रपति शिवाजी महाराज के साहस, नेतृत्व क्षमता और सैन्य कौशल को बड़े पर्दे पर भव्य रूप में पेश करना है। फिल्म को इस तरह बनाने की तैयारी है कि यह भारत के साथ-साथ दुनियाभर के दर्शकों तक पहुंच सके.'द प्राइड ऑफ भारतः छत्रपति शिवाजी महाराज' को करीब 500 करोड़ रुपए के बड़े बजट में बनाया जा रहा है।

## मुसाफिर कैफे से आदर्श बाल विद्यालय तक...

# इस वीक ओटीटी पर रहेगी बहार, रिलीज होंगी ये फिल्में और सीरीज

*नई दिल्ली। इन दिनों सिनेमाघरों में धमाल 4 से लेकर वेलकम टू द जंगल और हॉलीवुड फिल्म द ओडिसी लगी हैं। वहीं, इस हफ्ते द इंडिया स्टोरी से लेकर दुल्हनिया ले आएगी तक नई फिल्में भी थिएटर्स में रिलीज होंगी। इस बीच ओटीटी पर भी इस वीक कई अच्छे विकल्प मौजूद होंगे।*

### मुसाफिर कैफे

विक्रांत मैसी, वेदिका पिंटो और महिमा मकवाना की 'मुसाफिर कैफे' इस वीक ओटीटी पर दस्तक देगी। यह सीरीज चंदर (विक्रांत मैसी) और सुधा (वेदिका पिंटो) और प्रीति (महिमा मकवाना) के इर्द-गिर्द है। यह रोमांटिक सीरीज 24 जुलाई से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी। 'मुसाफिर कैफे' दिव्य प्रकाश दुबे के इसी नाम के उपन्यास पर आधारित है।

### आदर्श बाल विद्यालय

हिमांक गौर के निर्देशन में बनी कॉमेडी-ड्रामा सीरीज 'आदर्श बाल विद्यालय' भी इस वीक की लिस्ट में हैं। यह सीरीज प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होने वाली है। सीरीज में केके मेनन, अर्चना पूरन सिंह, नवीन कस्तूरिया, प्रसन्ना बिष्ट, देवेन भोजानी, अजितेश गुप्ता, अन्नपूर्णा सोनी, प्राची शाह और अभिमन्यु सिंह नजर आएंगे। सात एपिसोड वाली सीरीज 24 जुलाई से भारत और दुनिया भर में हिंदी भाषा और अंग्रेजी सबटाइटल के साथ स्ट्रीम होगी।



### पल्लीचट्टंबी

टोविनो थॉमस और कायाडू लोहार की मलयालम भाषा की पीरियड एक्शन ड्रामा फिल्म पल्लीचट्टंबी भी ओटीटी पर रिलीज होने वाली है। यह 15 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। अब 24 जुलाई से इसे सोनी लिव पर स्ट्रीम किया जाएगा।

### ब्लीच-थाउजेंड-ईयर ब्लड वॉर

यह सीरीज 25 जुलाई से जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीम होगी। इस शो की पूरी कहानी सोल रीपर्स और क्विंसी साम्राज्य की आपसी दुश्मनी के इर्द-गिर्द घूमती है।

### स्टुअर्ट फेल्स टू सेव द यूनिवर्स

स्टुअर्ट फेल्स टू सेव द यूनिवर्स भी 24 जुलाई से ओटीटी पर आ रही है। यह द बिग बैंग थ्योरी के स्पिन-ऑफ के रूप में बनी साइंस-फिक्शन कॉमेडी सीरीज है, जिसके 10 एपिसोड्स हैं। इसमें स्टुअर्ट ब्लूम (केविन सुसमन) को एक बहु-ब्रह्मांडीय संकट से दुनिया को बचाना है। यह जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीम होगी।

### रैनसम कैन्यन सीजन 2

यह रोमांटिक वेस्टर्न ड्रामा सीरीज है। सीरीज का यह दूसरा सीजन है, जिसमें आठ एपिसोड होंगे। यह सीरीज नेटफ्लिक्स पर 23 जुलाई से स्ट्रीम होगी।

**द डेट कलेक्टर :** नादेच कुगिमिया और दाओ पिट्टाया साएचुअ की मुख्य भूमिका वाली थाई फिल्म 'द डेट कलेक्टर' भी इस वीक आएगी। यह ऐसे शख्स की कहानी है, जो पहले अंडरग्राउंड डेट कलेक्टर था और अब लाइलाज बीमारी से जूझ रहा है। यह एक्शन फिल्म 23 जुलाई से नेटफ्लिक्स पर आएगी।

### 72 आवर्स

यह एक अमेरिकी कॉमेडी फिल्म है। इसका निर्देशन टिम स्टोरी ने किया है। इसमें केविन हार्ट लीड रोल में हैं। उनके अलावा मार्सेलो हर्नांडिज, मेसन गुडिंग, कैम पैटरसन, बेन मार्शल सहित कई और सितारे भी हैं। यह फिल्म 24 जुलाई से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी।

### द डिंक

यह एक स्पोर्ट्स कॉमेडी फिल्म है, जो पिकलबॉल खेल पर बेस्ड है। इसमें एक असफल टेनिस खिलाड़ी (जेक जॉनसन) अपने पिता के कंट्री क्लब को बचाने और उनका सम्मान पाने के लिए इच्छा न होने पर भी पिकलबॉल खेलता है। यह फिल्म 24 जुलाई से ओटीटी प्लेटफॉर्म एप्पल टीवी पर स्ट्रीम होगी।

## खबर संक्षेप



### वैज्ञानिक पशुपालन प्रशिक्षण से सशक्त होंगी पशु सखियां

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास के निर्देशन एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत अभिषेक कुमार के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान के अंतर्गत पशु सखियों के लिए एक दिवसीय वैज्ञानिक पशुपालन प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है। इसी कड़ी में विगत दिवस 20 जुलाई को मनोरा विकासखंड की समस्त पशु सखियों के लिए ब्लॉक मुख्यालय परिसर में एक दिवसीय वैज्ञानिक पशुपालन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन जिला कार्यक्रम प्रबंधक आजीविका, छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन जिला के मार्गदर्शन में किया गया। प्रशिक्षण में पशुपालन विभाग के ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने तकनीकी सत्र लेकर पशु सखियों को आधुनिक एवं वैज्ञानिक पशुपालन की व्यावहारिक एवं तकनीकी जानकारी प्रदान की। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य पशु सखियों को ग्राम स्तर पर एक दक्ष सामुदायिक संसाधन व्यक्ति के रूप में तैयार करना है, ताकि वे अपने कार्यक्षेत्र के पशुपालकों को वैज्ञानिक पशुपालन की नवीन तकनीकों से जोड़ते हुए उनकी आय में वृद्धि एवं पशुधन की उत्पादकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकें। प्रशिक्षण क्रमशः जिले के सभी 8 विकासखंडों में आयोजित किया जा रहा है।

### यूडीआईडी शिविरों की तिथियों में आंशिक संशोधन

**जशपुरनगर।** जिले के दिव्यांगजनों के प्रमाणीकरण एवं यूनिक डिसएबिलिटी आईडी (यूडीआईडी) कार्ड निर्माण के लिए आयोजित किए जा रहे विशेष शिविरों के कार्यक्रम में आंशिक संशोधन किया गया है। उप संचालक, समाज कल्याण विभाग द्वारा संशोधित आदेश जारी कर दो शिविरों की तिथियों में परिवर्तन किया गया है। जारी संशोधित आदेश के अनुसार प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सन्ना में आयोजित होने वाला शिविर, जो पूर्व में 19 अगस्त 2026 को प्रस्तावित था, अब 5 अगस्त 2026 को आयोजित किया जाएगा। इसी प्रकार सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कांसाबेल में प्रस्तावित शिविर, जो पहले 9 सितंबर को निर्धारित था, अब 23 सितंबर को आयोजित होगा। समाज कल्याण विभाग ने स्पष्ट किया है कि इन दोनों शिविरों के अलावा अन्य सभी शिविरों की तिथि, दिवस एवं आयोजन स्थल पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार यथावत रहेंगे।

### मृतकों के परिजनों को आर्थिक सहायता स्वीकृत

**जशपुरनगर।** छत्तीसगढ़ शासन, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के प्रावधानों के अंतर्गत प्राकृतिक आपदा एवं नैसर्गिक विपत्तियों से होने वाली जनहानि पर प्रभावित परिवारों को आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। इसी के तहत प्राकृतिक आपदाओं में हुई मृत्यु के 4 प्रकरणों में कलेक्टर रोहित व्यास द्वारा कुल 16 लाख रूपये की सहायता राशि स्वीकृत की गई है। अपर कलेक्टर श्री प्रदीप साहू से प्राप्त जानकारी के अनुसार तहसील मनोरा के ग्राम रेमने निवासी कलेश्वर राम की नदी के पानी में डूबने से मृत्यु हो जाने के कारण उनकी पत्नी श्रीमती ललिता बाई को कुल 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत किया गया है। तहसील सन्ना अंतर्गत ग्राम चम्पा निवासी जगसाय की आकाशीय बिजली से मृत्यु हो जाने पर उनकी पत्नी मनीता बाई को कुल 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है। तहसील सन्ना अंतर्गत ही ग्राम खखरा निवासी सुखेदव की आकाशीय बिजली से मृत्यु हो जाने पर उनकी पत्नी बुधमनिया को 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है। इसी प्रकार तहसील बगीचा अंतर्गत ग्राम साहीडांड निवासी ललित सिंह की गड्ढा के पानी में डूबने से मृत्यु हो जाने पर उनकी पत्नी नंदकुमारी को 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है। ल्लेखनीय है कि जिला प्रशासन द्वारा प्राकृतिक आपदा के प्रकरणों में प्रभावित परिवारों को त्वरित राहत प्रदान करने हेतु सभी आवश्यक कार्यवाही प्राथमिकता के साथ पूर्ण की जा रही है।

### बाढ़ से जनजीवन बेहाल, उफनते पहाड़ी नाले से आवागमन ठप

# बगीचा में बारिश-बाढ़ का कहर उफनते नाले में बही बाइक

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर



जिले के बगीचा क्षेत्र में लगातार हो रही बारिश और बाढ़ ने जनजीवन को पूरी तरह अस्त-व्यस्त कर दिया है। बाढ़ का पानी सरकारी शराब दुकान और उससे जुड़े आहातों में घुस जाने से लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। वहीं, तहसील चौक और बस स्टैंड के बीच बहने वाला उफनता पहाड़ी नाला लोगों के लिए जानलेवा साबित हो रहा है। इससे स्कूली बच्चों, मरीजों, जरूरी सेवाओं और आम नागरिकों की आवाजाही बुरी तरह प्रभावित हो रही है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से नुकसान की भरपाई और स्थायी समाधान की मांग की है।

बाढ़ का पानी दुकान में घुसने से फ्रिज, कूलर, फर्नीचर और खाने-पीने का सामान पूरी तरह बर्बाद हो गया है। उन्होंने प्रशासन से हुए नुकसान का मुआवजा देने और नदी-नालों की नियमित सफाई कराने की मांग की है। दूसरी तरफ बगीचा नगर पंचायत के तहसील चौक से बस स्टैंड के बीच स्थित मुख्य मार्ग पर उफनता पहाड़ी नाला हर बारिश में आवागमन ठप कर देता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि नाले की सफाई और पुलिया के रखरखाव की अनदेखी के कारण घंटों तक रास्ता बंद रहता है, जिससे अस्पताल सहित अन्य जरूरी सेवाएं भी प्रभावित होती हैं।



#### नाले में बहकर डेम पहुंच गई बाइक

बीती रात तेज बहाव में एक युवक की बाइक नाले में बहकर डैम तक पहुंच गई। हालांकि युवक सुरक्षित बच गया, जबकि सुबह बाइक को बाहर निकाला गया। लोगों का आरोप है कि नाले पर अवैध कब्जों के कारण उसकी चौड़ाई कम हो गई है, जिससे हर साल बाढ़ जैसी स्थिति बनती है।

#### काफी नुकसान हुआ

आबकारी निरीक्षक मदन लाल ध्रुव ने बताया कि बगीचा स्थित सरकारी शराब दुकान में बाढ़ का पानी पूरी तरह घुस गया, जिससे काफी नुकसान हुआ है। फिलहाल दुकान में सफाई का कार्य जारी है। पानी भरने के कारण दुकान के संचालन में भी परेशानी आ रही है।

#### सर्वाधिक वर्षा मनोरा तहसील में

जिले में 1 जून से 21 जुलाई तक 3014.2 मिमी औसत वर्षा हो चुकी है। जिले में बीते 10 वर्षों की तुलना में 21 जुलाई तक सामान्य औसत वर्षा 3849.9 मिमी हुई है। बीते दिवस जिले में 138.2 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 1 जून से अब तक तहसीलवार वर्षा इस प्रकार हैः तहसील जशपुर में 298.1 मिमी, मनोरा में 522.4 मिमी, कुनकुरी में 367.9 मिमी, दुलदुला में 244.4 मिमी, फरसाबहार में 185.9 मिमी, बगीचा में 219.3 मिमी, कॉसाबेल में 297.4 मिमी, पत्थलगाँव में 283.5 मिमी, सन्ना में 416.4 मिमी एवं बागबहार में 178.9 मिमी वर्षा हो चुकी है। सर्वाधिक वर्षा मनोरा तहसील में 522.4 मिमी दर्ज की गई है। 21 जुलाई को सर्वाधिक कॉसाबेल तहसील में 30.5 मिमी वर्षा हुई।



## जंगली सूअर का शिकार करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

ग्राम जरकट में वन विभाग की टीम ने वन्यजीव शिकार के खिलाफ एक बड़ी कार्रवाई की है। विभाग ने वन क्षेत्र से लगे एक खेत में जंगली सूअर का शिकार कर उसके मांस की कटाई करते हुए दो आरोपियों को रंगे हाथ गिरफ्तार किया है।

पकड़े गए आरोपियों के नाम क्रमशः बुधराम पिता मंगलू राम यादव निवासी ग्राम जरकट, अमर साय पिता रतन सिंह यादव निवासी ग्राम जरकट है। दिनांक 20 जुलाई को वन अमला क्षेत्र में नियमित वन भ्रमण पर था। इसी दौरान टीम ने आरोपियों को खेत में जंगली सूअर के मांस की कटाई करते हुए देखा। वन विभाग की टीम ने तत्परता दिखाते हुए घेराबंदी की और दोनों आरोपियों को मौके पर ही धर दबोचा। पूछताछ में आरोपियों ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया है। जिसके बाद दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध वन्यजीव संरक्षण अधिनियम 1972 की धारा 9 एवं 51 के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया।

सभी आवश्यक वैधानिक कार्रवाई पूरी करने के बाद दोनों आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय घरघोड़ा के समक्ष प्रस्तुत कर दिया गया। पूरी कार्यवाही वनमंडल अधिकारी रायगढ़ अरविंद पीएम के कुशल निर्देशन उपवनमंडल अधिकारी घरघोड़ा आशुतोष मांडवा के मार्गदर्शन और वन परिक्षेत्र अधिकारी विक्रांत कुमार के नेतृत्व में संपन्न हुई। इस कार्रवाई में पूरे घरघोड़ा परिक्षेत्र स्टाफ का विशेष सहयोग रहा।

## युवाओं पर हुए लाठीचार्ज के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन, केंद्रीय गृहमंत्री का पुतला दहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरसींवा



दिल्ली के जंतर-मंतर में युवाओं पर हुए कथित लाठीचार्ज के विरोध में मंगलवार को ब्लॉक युवा कांग्रेस के नेतृत्व में सरसींवा बस स्टैंड में नारे बाजी करते हुए विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह का पेंड्रावन हसौद मार्ग के चौक पर पुतला दहन कर केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। पुतला दहन के दौरान पुलिस बल ने प्रदर्शनकारियों को रोकने का प्रयास कियाए, लेकिन विरोध कर रहे कार्यकर्ताओं ने पुतला दहन कर अपना विरोध दर्ज कराया।

प्रदर्शन में बिलाईगढ़ विधायक कविता प्राण लहरे, जिला कांग्रेस अध्यक्ष, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सहित क्षेत्र के सैकड़ों युवा, कांग्रेस पदाधिकारी, कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक शामिल हुए। प्रदर्शनकारियों ने युवाओं पर हुई कार्रवाई को लोकतांत्रिक अधिकारों का दमन बताते हुए इसकी कड़ी निंदा की। सभा को संबोधित करते हुए विधायक कविता प्राण लहरे ने कहा कि शांतिपूर्ण ढंग से अपनी बात रखने पहुंचे युवाओं पर बल प्रयोग करना लोकतंत्र की मूल भावना के विरुद्ध है। उन्होंने कहा कि असहमति की आवाज़ को लाठी के बल पर दबाने का प्रयास किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए उचित नहीं माना जा सकता। वहीं जिला कांग्रेस और ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष ने केंद्र सरकार की नीतियों पर निशाना साधते हुए कहा कि बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी और किसानों की समस्याओं से आमजन परेशान हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार की नीतियों का सबसे अधिक बोझ गरीबए किसानए युवा और मध्यमवर्गीय परिवारों पर पड़ रहा है। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने युवाओं के सम्मानए लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा तथा जनहित के मुद्दों पर केंद्र सरकार से जवाबदेही की मांग की।

### दोकड़ा छात्रावास में बहाल हुई बिजली आपूर्ति

**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय की त्वरित पहल से विकासखंड कांसाबेल के ग्राम दोकड़ा स्थित शासकीय बालक प्री एवं पोस्ट मैट्रिक छात्रावास में बिजली आपूर्ति पुनः बहाल हो गई है। ट्रांसफार्मर खराब होने के कारण छात्रावास में विद्युत व्यवस्था बाधित थी, जिससे छात्रों को पढ़ाई सहित दैनिक गतिविधियों में गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। छात्रावास अधीक्षक ने इस समस्या से मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय को अवगत कराते हुए बताया कि छात्रावास के समीप स्थापित ट्रांसफार्मर खराब होने के कारण पूरे छात्रावास में अंधेरा छाया हुआ है। बिजली नहीं होने से विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित हो रही थी तथा छात्रावास के नियमित संचालन में भी अनेक कठिनाइयाँ आ रही थीं। मामले की गंभीरता को देखते हुए मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय ने आवश्यक पहल की। जिस पर विद्युत विभाग की टीम मौके पर पहुंची और खराब ट्रांसफार्मर को बदलकर नया ट्रांसफार्मर स्थापित किया।

## सहारा इंडिया घोटाले में तीन साल से फरार ब्रांच मैनेजर गिरफ्तार

### चार हजार निवेशकों से 40.78 करोड़ की धोखाधड़ी का मामला

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

पुलिस ने बहुचर्चित सहारा इंडिया निवेश घोटाले में बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब तीन वर्षों से फरार चल रहे सहारा इंडिया के तत्कालीन ब्रांच मैनेजर विजय कुमार शराफ को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को कोतरारोड़ क्षेत्र से पकड़कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया। कार्रवाई एसएसपी शशि मोहन सिंह के निर्देशन में चलाए जा रहे 'ऑपरेशन क्लीन हंट' के तहत की गई।



इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार, वर्ष 2022 में कृष्णा विहार कॉलोनी निवासी विकास निगानिया ने कोतवाली थाने में शिकायत दर्ज कराते हुए बताया था कि सहारा इंडिया के अधिकारियों और कर्मचारियों ने कंपनी को विश्वसनीय तथा आरबीआई से अधिकृत बताकर उनसे, उनकी पत्नी और माता सहित कई लोगों से विभिन्न योजनाओं में निवेश कराया, लेकिन मैच्योरिटी पूरी होने के बाद भी राशि वापस नहीं की गई। जांच में सामने आया कि निवेशकों से सहारा इंडिया के नाम पर रकम लेकर विभिन्न सहकारी समितियों के नाम से बॉन्ड जारी किए गए और सुनियोजित तरीके से धोखाधड़ी की गई। जांच के दौरान जिला प्रशासन, बैंकों, मंत्रालयों और निवेशकों से मिले दस्तावेजों के आधार पर सहारा इंडिया समूह के कई अधिकारियों की संलिप्तता पाई गई। पुलिस अब तक इस मामले में पूर्व शाखा प्रबंधक ओम प्रकाश शर्मा, खरसिया के पूर्व शाखा प्रबंधक पुष्पेंद्र कुमार साहू, कंपनी डायरेक्टर करूणेश अवस्थी, सेक्टर मैनेजर अमृत लाल श्रीवास और बिलासपुर के रीजनल मैनेजर रजनीश तिवारी सहित कई आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। उनके कब्जे से बैंक दस्तावेज, नियुक्ति संबंधी रिकॉर्ड, जमीन के दस्तावेज तथा कथित धोखाधड़ी की रकम से खरीदी गई कार और मोटरसाइकिल भी जब्त की गई है। जानकारी के अनुसार, अब तक की जांच में 3 हजार 848 निवेशकों से 40 करोड़ 78 लाख 16 हजार 739 रुपये की धोखाधड़ी सामने आ चुकी है। फरार चल रहे तत्कालीन ब्रांच मैनेजर विजय कुमार शराफ के अपने ससुराल कोतरारोड़ आने की सूचना मिलने पर कोतवाली पुलिस ने उसे दबोच लिया। पूछताछ में आरोपी से सहारा इंडिया के फ्रेंचाइजी कार्यालय से जुड़े प्रशासनिक आदेश, एमओयू और अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेज भी जब्त किए गए हैं।

## खड़ामाचा इलाके में 12 हाथियों के दल ने मचाया उत्पात

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर



जिले में पत्थलगांव वन क्षेत्र के खड़ामाचा इलाके में पिछले करीब दो महीने से 12 हाथियों का दल डेरा जमाए हुए है। हाथियों की मौजूदगी से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है, वहीं आज हाथियों का धान के खेतों में अटखेलियां करते हुए बेहद खूबसूरत नजारा भी देखने को मिला।

हाथियों का यह झुंड खेतों में पहुंचकर धान की फसल को नुकसान पहुंचा रहा है। वन विभाग की टीम लगातार इलाके में निगरानी कर रही है और ग्रामीणों को हाथियों से सुरक्षित दूरी बनाए रखने की समझाइश दी जा रही है। पत्थलगांव वन क्षेत्र के खड़ामाचा इलाके में पिछले दो महीने से करीब 12 हाथियों का दल विचरण कर रहा है। हाथियों का झुंड गांव के आसपास मौजूद धान के खेतों में पहुंचकर फसल को नुकसान पहुंचा रहा है। खेतों में लेटकर और अटखेलियां करते हुए हाथियों का वीडियो भी सामने आया है, जिसमें हाथियों का दल धान की फसल को रौंदता नजर आ रहा है।

#### धान की फसल को पहुंचा रहे नुकसान

#### जंगल में पर्याप्त भोजन और पानी उपलब्ध

वन विभाग के मुताबिक, हाथियों के लिए जंगल में पर्याप्त मात्रा में भोजन और पानी उपलब्ध है। इसके बावजूद हाथियों का झुंड गांव के आसपास पहुंच रहा है। किसी भी तरह की अप्रिय घटना को रोकने के लिए वन विभाग की टीम मौके पर तैनात है और लगातार हाथियों की गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है।

### लोधमा स्कूल में छात्राओं को बांटी गईं साइकिलें

**जशपुरनगर।** शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल लोधमा में निःशुल्क सरस्वती साइकिल वितरण योजना के तहत एक भव्य और उत्साहपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कक्षा 9वीं की 16 छात्राओं को मुख्य अतिथियों द्वारा साइकिलें प्रदान की गईं, जिससे बालिकाओं की शिक्षा के प्रति उत्साह और सुगमता दोनों में वृद्धि होगी।कार्यक्रम में मुख्य रूप से सरपंचसीतापति साहनी ,शाला विकास समिति सदस्य गीता साय प्यारेलाल राय समेत पालकगण और गणमान्य अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

## अधिकारियों-कर्मचारियों को बायोमेट्रिक उपस्थिति देने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

कलेक्टर रोहित व्यास ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में सभी विभागों के बाबू और कर्मचारियों की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने सभी विभाग के अधिकारीयों और कर्मचारीयों को कार्यालयीन समय 10 बजे आकर आधार के माध्यम से अपनी उपस्थिति अनिवार्य रूप दर्ज करने और 5.30 बजे जाने के समय में उपस्थित लगाने के निर्देश दिए हैं।

■ 15 अगस्त के बाद से होगी वेतन कटौती की कार्रवाई

लंच के समय सिर्फ आधा घंटा रहेगा जिसमें भोजन करना है। बाहर से आने वाले कर्मचारी अपना लंच बॉक्स साथ लेकर आएंगे। उन्होंने कहा कि लंच टाइम में अनावश्यक नदारद नहीं रहेंगे कर्मचारी ताकि कार्यालयीन कार्य के लिए बाहर से आने वाले लोगों को कोई समस्या नहीं होने पाएं। इस अवसर पर अपर कलेक्टर प्रदीप कुमार साहू, डिप्टी कलेक्टर समीर बड़ा और सभी विभाग के सहायक ग्रेड 1 सहायक 2 और सहायक ग्रेड 3 कर्मचारी उपस्थित थे। कलेक्टर ने कहा कि 15 अगस्त के बाद से सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को आधार उपस्थित के आधार पर ही वेतन भुगतान किया जाएगा जिन अधिकारी और कर्मचारियों का आधार अपडेट नहीं रहेगा उस दिन का वेतन कटोती की जाएगी। कलेक्टर ने सभी कर्मचारियों को आम नागरिकों के साथ शालीनता से व्यवहार करने के निर्देश दिए हैं।

**न्यायालय श्रीमान व्यवहार न्यायाधीश, वरिष्ठ श्रेणी घरघोड़ा, जिला-रायगढ़ (छ.ग.)**
**//ईश्तहार//**

शक्सेशन (उत्तराधिकार) प्र.क्रं. 02/2026
पेशी तारीख 04.08.2026
प्रोसेस नम्बर 202/2026

श्रीमती निर्मला यादव .... आवेदक
बनाम
आम जनता वगैरह... अनावेदकगण
बनाम
आम जनता (जिससे संबंध हो)

इस नोटिस के जरिये आम जनता (जिससे संबंध हो) को सूचित किया जाता है कि आप स्वयं या अपने अधिवक्ता के मार्फत से (जिसका प्रकरण के संबंध में सम्यक जानकारी प्राप्त हो) सुनवाई दिनांक 04.08.2026 को प्रातः 11:00 बजे इस न्यायालय के समक्ष उपस्थित होकर जवाब सह दस्तावेज प्रस्तुत करें अन्यथा आपकी अनुपस्थिति में इस न्यायालय द्वारा आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही कर प्रकरण में अग्रिम कार्यवाही की जावेगी।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होंगे तो वाद की सुनवाई एवं निपटारा आपकी अनुपस्थिति में की जावेगी। यदि उक्त तिथि को अवकाश घोषित हो जाने की स्थिति में प्रकरण की सुनवाई आगामी कार्य दिवस में की जावेगी।

इस न्यायालय का मुद्रा एवं हस्ताक्षर द्वारा दिनांक 20.07.2026 को जारी किया गया।
सील

**दामोदर प्रसाद चंद्रा**
**व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी घरघोड़ा, जिला - रायगढ़ (छ.ग.)**

TOP IN RAIGARH
GURUKRIPA COLLEGE
ADMISSION GUIDENS 2026-27
SC/ST/OBC FEE Discount 20%

| SN. | Cours | Duration | Qualification |
|---|---|---|---|
| 1. | BMLT (बेचलर ऑफ मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 3 Year | 12th Bio |
| 2 | DMLT (डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 2 Year | 12th Bio |
| 3. | B.Sc Nursing (बेचलर ऑफ साइंस) | 4 Year | 12th Bio |
| 4. | OT (ऑपरेशन थियेटर असिस्टेंट) | 2 Year | 12th Bio |
| 5. | B. PHARMA, D. PHARMA (डिप्लोमा इन फार्मेसी) | 4 & 2 Year | 12th Bio & Maths |

Kamla Complex, Nehru Chowk, Bilaspur 07752-796378, 9329528463, 9329536742










## खबर संक्षेप



### आज लगेगा कैंसर जांच एवं परामर्श शिविर

**रायगढ़।** कैंसर जैसी गंभीर बीमारी की समय पर पहचान और उपचार सुनिश्चित करने के उद्देश्य से स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा रायगढ़ जिले में 22 जुलाई को कैंसर जांच एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया जाएगा। किरोड़ीमल शासकीय जिला अस्पताल, रायगढ़ में आयोजित इस शिविर का संचालन जिला अस्पताल एवं बालको मेडिकल सेंटर के संयुक्त तत्वावधान में किया जाएगा। शिविर सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक चलेगा, जिसमें विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा मरीजों की जांच एवं परामर्श प्रदान किया जाएगा।

### आईटीआई लैलूंगा में 24 तक प्रवेश

**रायगढ़।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था लैलूंगा.में संचालित विभिन्न व्यवसायों में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन 24 जुलाई तक पर कर सकते है। अधिक जानकारी के लिए संस्था के प्रवेश मार्गदर्शन केंद्र से संपर्क कर सकते है।

### उद्यान निर्माण के लिए 95 लाख स्वीकृत

**सारंगढ़।** नगरीय प्रशासन विभाग ने सारंगढ़ नगरपालिका में उद्यान निर्माण के लिए 95 लाख 30 हजार रुपए मंजूर किए हैं। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा सारंगढ़ में उद्यान निर्माण की घोषणा के अनुपालन में विभाग द्वारा चालू वित्तीय वर्ष 2026-27 के बजट से अधोसंरचना मद से यह राशि स्वीकृत की गई है। उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव के अनुमोदन के बाद विभाग ने संचालनालय से इसकी मंजूरी के आदेश जारी कर दिए हैं। श्री साव ने उद्यान का निर्माण पूर्ण गुणवत्ता के साथ समय.सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं।

### 31 जुलाई तक होगा फसल बीमा पंजीयन

**सारंगढ़।** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनांतर्गत मौसम खरीफ 2026 में ऋणी एवं अऋणी कृषकों का फसल बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 जुलाई निर्धारित है। किसान 31 जूलाई तक बैंक, सहकारी समिति, लोक सेवा केन्द्र, कृषि विभाग के माध्यम से अपने अधिसूचित फसलों का बीमा करा सकते हैं। विभिन्न प्राकृतिक आपदाओं जैसे बाधित रोपाई, रोपण जोखिम अधिसूचित क्षेत्र में कम वर्षा अथवा प्रतिकूल मौसमी दशाओं के कारण अधिसूचित मुख्य फसल की बोआई, रोपण, अंकुरण नहीं हो पाने वाली नुकसान से सुरक्षा प्रदान करेगा, साथ ही ओलावृष्टि, जलभराव, बादल का फटना, प्राकृतिक आकाशीय बिजली, चक्रवाती वर्षा एवं बेमौसम होने वाली बरसात से फसल बीमा सुरक्षा प्रदान करता है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनांतर्गत जिले के ऋणी एवं अऋणी कृषक बीमा का लाभ लेने हेतु जिला के सहकारी बैकों में तथा सेवा सेतु केन्द्रों के माध्यम से आवेदन कर फसल बीमा करा सकते है।

### कलेक्टर ने राखी खरीदकर किया महिलाओं को प्रोत्साहित

# प्रकृति संरक्षण का इको फ्रेंडली बीज राखियां देंगी संदेश, मिट्टी में मिलते ही बनेंगी पौधे

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

रक्षाबंधन के पर्व को पर्यावरण संरक्षण से जोड़ने की अभिनव पहल करते हुए राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान से जुड़ी स्व सहायता समूहों की महिलाएं जिलेभर में इको फ्रेंडली बीज राखियां तैयार कर रही हैं। सोमवार को बिहान की दीदियों ने अपने हाथों से निर्मित बीज राखियों का आकर्षक स्टॉल कलेक्टोरेट में लगाया। कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने स्टॉल का अवलोकन कर समूह की महिलाओं से राखियां खरीदीं तथा नगद भुगतान भी किया। साथ ही उन्होंने उनके नवाचार और पर्यावरण संरक्षण की इस पहल की सराहना करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर अधिकारियों और कर्मचारियों ने भी बड़ी संख्या में बीज राखियां खरीदकर महिलाओं के प्रयासों को प्रोत्साहित किया।

जिले के सभी सातों विकासखंडों में स्व सहायता समूहों की महिलाएं बरबट्टी, मक्का, लौकी, करेला, सेमी, कुम्हड़ा, ग्वारफली, भिंडी, उड़द, मसूर, मूंगफली, धान एवं अन्य स्थानीय बीजों तथा अनाज से आकर्षक राखियां तैयार कर रही हैं। फेवीकॉल, रंग, स्टीकर और धागे की सहायता से बनाई गई इन राखियों की विशेषता यह है कि उपयोग के बाद इन्हें मिट्टी में दबाने पर इनमें लगे बीज अंकुरित होकर पौधे का रूप ले सकते हैं। इस प्रकार ये राखियां केवल भाई बहन के अटूट स्नेह का प्रतीक नहीं हैं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण और हरियाली बढ़ाने का संदेश भी देती हैं। कम लागत, आकर्षक डिजाइन और पर्यावरण के प्रति बढ़ती जागरूकता के कारण इन बीज राखियों की मांग लगातार बढ़ रही है।



महिलाओं के स्टॉल पहुंचे कलेक्टर।

### धान, भुट्टा, सेमी, करेला और बरबट्टी के बीजों से हुआ तैयार

धरमजयगढ़ ब्लॉक के कोयलार की जय ठाकुर देव स्व सहायता समूह की सदस्य एवं बिहान में वीसी सखी के रुप में कार्यरत श्रीमती गणपति राठिया ने धान, भुट्टा, सेमी, करेला और बरबट्टी के बीजों से आकर्षक बीज राखियां तैयार की हैं। उनकी यह पहल अन्य समूहों के लिए भी प्रेरणा बन रही है। इसी प्रकार रायगढ़ ब्लॉक के बैसपाली नंदेली सीएलएफ जुनवानी ग्राम संगठन, लोइंग क्लस्टर, गोपालपुर एवं संबलपुरी सीएलएफ, लैलूंगा, तमनार के लिबरा गांव की जननी स्व सहायता समूह, घरघोड़ा के बड़ेगुमड़ा की गायत्री स्व सहायता समूह तथा पुसौर के पुटकापुरी क्लस्टर सहित जिलेभर की महिलाएं पूरे उत्साह के साथ पर्यावरण मित्र बीज राखियां तैयार कर रही हैं। गांव-गांव में आयोजित समूह बैठकों में भी इस अभियान को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है।

# जांच से बचने सीएमओ ने रखी सामान्य सभा की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलाईगढ़

नपं सीएमओ ने जांच से बचने सामान्य सभा की बैठक रख दी। खास बात यह है कि इस बैठक की जानकारी पार्षदों के देने के बजाए तहसीलदार को दिया। जबकि परिषद की बैठक पार्षदों के साथ ही होती है। पार्षदों ने इसकी शिकायत कलेक्टर से की है। नगर पंचायत बिलाईगढ़ के सीएमओ सुशील कुमार चौधरी एक और गंभीर विवाद में घिर गए हैं। नगर पंचायत के विभिन्न वार्डों के पार्षदों ने एकजुट होकर सीएमओ पर जांच को प्रभावित करने और षड्यंत्र पूर्वक सामान्य सभा की बैठक बुलाने का आरोप लगाया है। इस संबंध में पार्षदों ने कलेक्टर को एक शिकायत किया है।

पार्षदों द्वारा सौंपे गए पत्र के अनुसार, नपं बिलाईगढ़ में अनियमितताओं की जांच के लिए कलेक्टर द्वारा एक जांच दल का गठन किया गया था। इस जांच दल ने दस्तावेजों और मामलों की पड़ताल के लिए 20 जुलाई की तिथि निर्धारित की थी। आरोप है कि इस आधिकारिक जांच से बचने और इसे बाधित करने के लिए सीएमओ ने एक उसी दिन परिषद की सामान्य सभा की बैठक रख दी।




### दस्तावेज छिपाने का आरोप

पार्षदों ने बताया कि जब कलेक्टर द्वारा गठित जांच दल ने कार्यालय से जरूरी दस्तावेज मांगे, तो उन्हें कोई रिकॉर्ड उपलब्ध नहीं कराया गया। यह बहाना बनाया गया कि कार्यालय में कार्यवाही पंजी ही मौजूद नहीं है। पार्षदों का कहना है कि जब आधिकारिक रिकॉर्ड ही गायब है, तो ऐसे में बैठक की सूचना जारी करना सीधे तौर पर एक सुनियोजित षड्यंत्र है। सीएमओ की इस कार्यप्रणाली से नाराज होकर वार्ड क्र. 03, 05, 07, 08, 09, 10, 12, 13, 14 और 15 सहित कई वार्डों के पार्षदों जिनमें धनीराम, कीर्ति राजेश्वर शर्मा, कन्हैया खुंटे व अन्य शामिल हैं ने हस्ताक्षर कर कलेक्टर से गुहार लगाई है।

# प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक के तहत मूल्यांकन पूर्ण




■ राष्ट्रीय स्तर के मूल्यांकनकर्ताओं ने 12 विभागों की व्यवस्थाओं का किया निरीक्षण, बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं की दिशा में महत्वपूर्ण कदम

रायगढ़। राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत संचालित शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र रामभांठा में राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक एनक्यूएएस के तहत दो दिवसीय राष्ट्रीय मूल्यांकन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा निर्धारित राष्ट्रीय गुणवत्ता मानकों के अनुरूप यह मूल्यांकन 17 एवं 18 जुलाई को राष्ट्रीय स्तर से आए मूल्यांकनकर्ताओं डॉ. राजेश सिंह एवं डॉ. विवेक भारती द्वारा किया गया। इस दौरान स्वास्थ्य केन्द्र के 12 विभिन्न विभागों की व्यवस्थाओं का बारीकी से निरीक्षण किया गया। राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक के अंतर्गत स्वास्थ्य संस्थाओं में संक्रमण नियंत्रण, मरीजों की सुरक्षा, दवाओं एवं उपकरणों की उपलब्धता, स्वच्छता व्यवस्था, अपशिष्ट प्रबंधन, रिकॉर्ड संधारण एवं मरीजों की संतुष्टि सहित स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता का व्यापक मूल्यांकन किया जाता है। शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र रामभांठा का यह राष्ट्रीय मूल्यांकन रायगढ़ शहर एवं आसपास के क्षेत्रों के नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण, सुरक्षित एवं बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। राष्ट्रीय स्तर के मानकों पर संस्था के खरा उतरने से स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में और अधिक सुधार आएगा।

# लगातार बारिश में भी जलभराव पर निगम का रहा नियंत्रण, 24 घंटे अलर्ट रही टीम

**रायगढ़।** बीती रात से लगातार हो रही बारिश के बीच निगम प्रशासन की पूर्व नियोजित रणनीति, सतत निगरानी और त्वरित कार्रवाई का प्रभाव शहरभर में स्पष्ट रूप से देखने को मिला। निगम आयुक्त बृजेश सिंह क्षत्रिय के मार्गदर्शन में मानसून पूर्व तैयार की गई तकनीकी कार्ययोजना के कारण शहर के अधिकांश संवेदनशील एवं जलभराव संभावित क्षेत्रों में स्थिति पूरी तरह नियंत्रित रही। परिणामस्वरूप नागरिकों को आवागमन एवं दैनिक गतिविधियों में किसी प्रकार की गंभीर परेशानी का सामना नहीं करना पड़ा।

मानसून प्रारंभ होने से पहले ही निगम प्रशासन द्वारा शहर के उन सभी क्षेत्रों का सर्वे कर चिन्हांकन किया गया थाए जहाँ प्रत्येक वर्ष जलभराव की समस्या बनती रही है। इनमें पैठू डबरी, गर्ल्स कॉलेज, संजय कॉम्प्लेक्स, दुग्ध डेयरी, लक्ष्मीपुर पुलिया, सिद्धिविनायक कॉलोनी, स्टेडियम क्षेत्र, खेतपारा, गुलमोहर कॉलोनी, मोदी नगर, चिरंजीवीदास नगर, प्रेम नगर, चंद्रनगर, नवापारा, ऑक्सीजोन, चंदगीराम नगर, गांधी नगर, सोनुमुड़ा, मिट्ठूमुड़ा, सावित्री नगर, गोगा राइस मिल, सीएमएचओ तिराहा, पतरापाली एवं फ्रेंड्स कॉलोनी सहित अन्य निचले क्षेत्र शामिल हैं। इन सभी स्थानों पर बाढ़ एवं आपदा नियंत्रण के तहत बरसात शुरू होते ही निगम द्वारा एक एक कर्मचारी की विशेष ड्यूटी निर्धारित की गई थी, जिन्हें नाले नालियों से जल निकासी व्यवस्था पर सतत निगरानी एवं किसी भी अवरोध की तत्काल सूचना देने की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। इसी सुनियोजित व्यवस्था के कारण अधिकांश क्षेत्रों में जलभराव की स्थिति बनने ही नहीं पाई। बारिश के दौरान जहाँ भी जल निकासी प्रभावित होने की संभावना बनी, वहाँ निगम की टीम ने बिना समय गंवा, तत्काल कार्रवाई की। पैठू डबरी नाला एवं रामभाठा पुलिया में उगी जलकुंभी और गाजर घास को सफाई कर्मियों द्वारा तत्काल हटाकर जल प्रवाह को सुचारू बनाया गया। वहीं रामभाठा पुलिया, सीएमएचओ तिराहा पुलिया तथा जूटमिल पुराने बस स्टैंड नाला पुलिया में फँसे कचरे एवं मलबे को जेसीबी मशीनों की सहायता से निकालकर पानी के बहाव को निर्बाधकिया गया। ग्रीन सिटी कॉलोनी में जलभराव की प्रारंभिक स्थिति निर्मित होते ही निगम की टीम मौके पर पहुँची और जेसीबी की सहायता से कृत्रिम नाली बनाकर पानी की शीघ्र निकासी सुनिश्चित की गई। इसी प्रकार बाबूपारा वार्ड क्रमांक 11 में सड़क किनारे की दीवार ढहकर नाले में गिर जाने से जल प्रवाह बाधित हो गया था।



### शहरवासियों की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता : आयुक्त

निगम आयुक्त बृजेश सिंह क्षत्रिय ने कहा कि मानसून के दौरान नागरिकों को किसी भी प्रकार की असुविधा न होए इसके लिए निगम प्रशासन पूरी तत्परता के साथ कार्य कर रहा है। सभी प्रमुख नालोंए पुलिया एवं जलभराव संभावित क्षेत्रों की लगातार निगरानी की जा रही है तथा आवश्यक मशीनरी एवं अमले को 24 घंटे अलर्ट मोड पर रखा गया है। उन्होंने शहरवासियों से अपील करते हुए कहा कि यदि कहीं जलभराव, नाला अवरुद्ध होने अथवा किसी प्रकार की आपात स्थिति दिखाई दे तो उसकी सूचना तत्काल निगम के कंट्रोल रूम को देंए ताकि बिना विलंब आवश्यक कार्रवाई की जा सके। आयुक्त श्री क्षत्रिय ने नागरिकों से यह भी आग्रह किया कि नालों एवं जल निकासी मार्गों में कचरा, पॉलीथिन अथवा अन्य अपशिष्ट सामग्री न डालें। नागरिकों के सहयोग से ही शहर की जल निकासी व्यवस्था सुचारू बनी रहेगी और मानसून के दौरान जलभराव जैसी समस्याओं पर प्रभावी नियंत्रण संभव हो सकेगा।

# महानदी प्रहरी तुलसी मानस मंच सेवा समिति का गठन, संतराम बने अध्यक्ष

**चंद्रपुर।** नगर की धार्मिक और सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय महानदी प्रहरी तुलसी मानस मंच सेवा समिति का नए कार्यकाल के लिए गठन किया गया। सर्वसम्मति से संतराम यादव को अध्यक्ष और भरत देवांगन को उपाध्यक्ष चुना गया।

■ भरत देवांगन को उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी, 25 साल से अखंड नवधा रामायण और 10 साल से महानदी तट पर गंगा आरती का आयोजन

नई कार्यकारिणी के गठन के साथ ही पदाधिकारियों ने धार्मिक परंपराओं के संरक्षण, सामाजिक एकता और महानदी संरक्षण के लिए जनजागरूकता अभियान को और व्यापक बनाने का संकल्प लिया।

समिति पिछले 25 वर्षों से यादव मोहल्ला में अखंड नवधा रामायण का आयोजन लगातार करती आ रही है। वहीं पिछले 10 वर्षों से महानदी के दरहाघाट तट पर भव्य गंगा आरती का आयोजन भी समिति की पहचान बन चुका है। इस आयोजन में हर वर्ष जनप्रतिनिधि सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होकर महानदी संरक्षण और भारतीय संस्कृति के प्रति अपनी आस्था व्यक्त करते हैं। नई कार्यकारिणी में सीताराम देवांगन को कोषाध्यक्ष, शिव यादव को सचिव तथा श्रीनिवास देवांगन को सह सचिव बनाया गया है। वहीं संरक्षक मंडल में राधेश्याम अग्रवाल, विष्णु बरेठ, रामानंद यादव, रामलाल यादव, विजय देवांगन, सुरेश ठाकुर, गौतम देवांगनए बब्बू यादव, विद्याभूषण यादव और सोनू यादव को शामिल किया गया है।





### 2 लाख की कॉपर प्लेट चोरी, आरोपी गिरफ्तार

**अकलतरा।** जेएसडब्ल्यू प्लांट से 2 लाख के कॉपर प्लेट चोरी करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामला अकलतरा थाना क्षेत्र का है। इस संबंध में पुलिस से ि मली जानकारी के अनुसार अकलतरा क्षेत्र के जेएसडब्ल्यू तरौद, अकलतरा में कार्यरत सुरक्षा अधिकारी अखिलेश राय ने थाना अकलतरा में रिपोर्ट दर्ज कराया था, कि पेट्रोलिंग के दौरान प्लांट परिसर में कुछ लोग संदिग्ध परिस्थितियों में सामान निकालते दिखाई दिए। सुरक्षा टीम के पहुंचते ही तीन-चार व्यक्ति भागने लगे, जिनमें से एक को मौके पर पकड़ लिया गया। इस दौरान पुलिस ने आरोपी से पूछताछ की। पूछताछ में पकड़े गए व्यक्ति ने अपना नाम जलेश्वर प्रसाद केवट उम्र 30 वर्ष निवासी बनाहिल, थाना अकलतरा जेएसडब्ल्यू में इलेक्ट्रिशियन के रूप में कार्यरत है।

# सुघ्घर छत्तीसगढ़ अभियान का जिले में संयुक्त कार्यशाला

**रायगढ़।** जिले में सुघ्घर छत्तीसगढ़ अभियान का प्रभावी क्रियान्वयन प्रारंभ हो गया है। अभियान के सफल संचालन के लिए आज जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिजीत बबन पठारे ने जिला पंचायत सभाकक्ष से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिले के सभी जनपद पंचायतों, ग्राम पंचायतों एवं विभिन्न विभागों के जिला एवं मैदानी अधिकारियों की प्रशिक्षण सह कार्यशाला लेकर अभियान के उद्देश्यों, कार्यप्रणाली एवं आगामी कार्ययोजना का विस्तार से जानकारी दी।

अभियान के लिए अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी महेश पटेल को जिला स्तरीय सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त कर आज की सम्पूर्ण कार्यशाला की जिम्मेदारी दी थी। प्रशिक्षण सह कार्यशाला में सरपंच, उपसरपंच, पंच, पंचायत सचिव, पटवारी, प्रधान पाठक, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, महिला पर्यवेक्षक, मितानिन, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी, तकनीकी सहायक, किसान मित्र, हैंडपंप मैकेनिक, व्हीएलई, राशन दुकान संचालक, ग्राम संगठन के पदाधिकारी सहित विभिन्न विभागों के मैदानी अमले को अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ अभिजीत बबन पठारे ने बताया कि सुघ्घर छत्तीसगढ़ अभियान का मुख्य उद्देश्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का शत-प्रतिशत संतृप्तिकरण सुनिश्चित करते हुए प्रत्येक पात्र हितग्राही तक योजनाओं का त्वरित एवं प्रभावी लाभ पहुंचाना है। अभियान के अंतर्गत जिले के सभी ग्रामों में शासन की 31 व्यक्तिमूलक योजनाओं का सघन सर्वेक्षण एवं संतृप्तिकरण किया जाएगा, ताकि कोई भी पात्र हितग्राही शासन की योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे। उन्होंने सभी अधिकारियों एवं मैदानी कर्मचारियों से समन्वित रूप से कार्य करते हुए अभियान को जन-जन तक पहुंचाने तथा निर्धारित समय-सीमा में लक्ष्य प्राप्त करने के निर्देश दिए। सीईओ ने कहा कि अभियान केवल योजनाओं के क्रियान्वयन तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि पात्र हितग्राहियों की पहचान, लंबित प्रकरणों के त्वरित निराकरण तथा योजनाओं की नियमित मॉनिटरिंग पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा।



# सफलता के लिए धैर्य, अनुशासन, अभ्यास और सही रणनीति जरुरी : राणा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

गुरुकुल इंटरनेशनल स्कूल जांजगीर में अंतर्राष्ट्रीय शतरंज दिवस के अवसर पर सोमवार 20 जुलाई को विद्यार्थियों की बौद्धिक क्षमता, तार्किक चिंतन एवं निर्णय लेने की योग्यता को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से भव्य अंतर कक्षा शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विद्यालय के सभी कक्षाओं के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी रणनीतिक सोच और खेल कौशल का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता का शुभारंभ विद्यालय के प्राचार्य पुष्पेन्द्र कुमार राणा एवं वरिष्ठ शिक्षक डा. जागेन्द्र कुमार कुलमित्र के मध्य खेले गए उद्घाटन मैच से हुआ। दोनों शिक्षाविदों ने शतरंज की बारीकियों का प्रभावशाली प्रदर्शन करते हुए विद्यार्थियों को खेल की रणनीति, धैर्य, अनुशासन और दूरदर्शिता का संदेश दिया। इसके पश्चात विभिन्न वर्गों के प्रतिभागियों के मध्य मुकाबले आयोजित किए गए, जिनमें विद्यार्थियों ने संयम, एकाग्रता और उत्कृष्ट रणनीति का परिचय देते हुए रोमांचक खेल प्रस्तुत किए। निर्णायक मंडल ने खिलाड़ियों के प्रदर्शन का सूक्ष्म मूल्यांकन कर उत्कृष्ट प्रतिभागियों का चयन किया। प्राचार्य पुष्पेन्द्र कुमार राणा ने कहा कि शतरंज हमें सिखाता है कि सफलता केवल बुद्धिमत्ता से नहीं, बल्कि धैर्य, अनुशासन, निरंतर अभ्यास और सही रणनीति से प्राप्त होती है। इस खेल का प्रत्येक मोहरा हमें जीवन का एक महत्वपूर्ण संदेश देता है, नेतृत्व, सहयोग, त्याग, साहस और समय का सदुपयोग। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि जीवन भी एक शतरंज की बिसात की तरह है। यहां हर निर्णय सोच-समझकर लेना होता है। कठिन परिस्थितियां आएंगी, चुनौतियां सामने होंगी, लेकिन जो व्यक्ति शांत मन से विचार करता है और आत्मविश्वास बनाए रखता है, वही अंततः विजयी होता है। विद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय शतरंज दिवस के अवसर पर शतरंज स्पर्धा के सफल आयोजन हेतु स्कूल प्रबंधन के अध्यक्ष राजेश अग्रवाल, उपाध्यक्ष सतीश कुमार अग्रवाल, सचिव दीपक राठौर, कोषाध्यक्ष विजय कुमार अग्रवाल और निदेशक पुष्कर अग्रवाल, विकास अग्रवाल, निखिल अग्रवाल, आयुष अग्रवाल, आदि उपस्थित थे।

■ गुरुकुल इंटरनेशनल स्कूल में अंतर्राष्ट्रीय शतरंज दिवस पर अंतर कक्षा शतरंज प्रतियोगिता



शतरंज खेलते खिलाड़ी।

# मिनी को मिला पीएम जीवन ज्योति बीमा राशि का 2 लाख



**सारंगढ़।** तहसील सारंगढ़ के ग्राम पंचायत पाट निवासी छोटेलाल, जो प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के हितग्राही था, का विगत 30 अप्रैल को ट्रक दुर्घटना से उनके आकस्मिक मृत्यु हो जाने के फलस्वरूप उनकी आश्रित पत्नी मिनी महिलाने द्वारा कलेक्टर के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया गया था।

इस आवेदन पत्र पर कलेक्टर पदमिनी भोई साहू द्वारा शीघ्र संज्ञान लेकर ऋषिकेश तिवारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं लीड बैंक मैनेजर सारंगढ़ के द्वारा त्वरित रूप से कार्य कर आवेदिका मिनी महिलाने पति छोटेलाल को समय सीमा की बैठक के दौरान प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना की राशि दो लाख रूपये का प्रतिकात्मक चेक प्रदान किया गया, जिससे आवेदिका एवं उनके परिवारजन ने जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया है। क्या है प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना भारत सरकार ने समाज के गरीब और कम आय वर्ग के विकास के लिए एक नई जीवन बीमा योजना, प्रधान मंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना शुरू की है। एक शुद्ध अवधि बीमा योजना के रूप में प्रधान मंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना 18 से 50 वर्ष के आयु वर्ग के लोगों के लिए उपलब्ध है। प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना एक नवीकरण अवधि की बीमा पॉलिसी है, जो कि वार्षिक रूप से जीवन बीमा कवरेज प्रदान करती है।

